AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## लविवि में ऑनलाइन सजा काव्यपाठ का मंच

**लखनऊ।** लविवि नवीन परिसर में रविवार को सांस्कृतिक एवं खेल समिति ने राष्ट्रीय स्तर की कविता प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता हिंदी व अंग्रेजी दोनों वर्गों में हुई।

अंग्रेजी वर्ग में मुदिता शुक्ला प्रथम, दिव्यश्री बनर्जी द्वितीय तथा अलीशा खान तृतीय रहीं। वहीं हिंदी वर्ग में शिवम पांडेय प्रथम, प्रियंका द्विवेदी द्वितीय व आशीष प्रताप सिंह तृतीय रहे। विजेताओं को नकद पुरस्कार व प्रमाणपत्र दिया गया।

प्रतियोगिता में कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से असम तक के प्रतिभागी शामिल हुए। प्रथम दौर में दोनों वर्ग में 350 प्रतिभागी शामिल हुए, जिसमें से अंतिम दौर के लिए सिर्फ 10 प्रतिभागियों को चुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लविवि नवीन परिसर के विधि संकाय के अध्यक्ष प्रो. सी.पी. सिंह ने किया। निर्णायक मंडल में हाईकोर्ट के अधिवक्ता व कवि अमित हर्ष, तारे जमीन पर पत्रिका के संस्थापक गौरव पोरवाल, कवयित्री अनन्या रॉय पराशर, दिपाली मिश्रा, आशीष उपाध्याय व मिताली सिंह शामिल रहे।

NBT PAGE 6

## काव्य प्रतियोगिता में मुदिता और शिवम अव्वल

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ यूनिवर्सिटी न्यू कैंपस के विश्वविद्यालय सांस्कृतिक एवं खेल समिति की ओर से पहली ऑनलाइन काव्य प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता के इंग्लिश वर्ग में मुदिता शुक्ला पहले, दिव्यश्री बनर्जी दूसरे और अलीशा खान तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं, हिंदी वर्ग में शिवम पांडेय अव्वल रहे। प्रियंका द्विवेदी दूसरे और आशीष प्रताप सिंह तीसरे स्थाश पर रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन अध्यक्ष प्रो.सीपी सिंह ने किया। प्रतियोगिता में अलग-अलग राज्यों से 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अंतिम दौर के लिए सिर्फ 10 प्रतिभागियों को चुना गया। वहीं, निर्णायक मंडल में उच्च न्यायालय लखनऊ खंड पीठ के वकील और कवि अमित हर्ष, तारे जमीन पर पत्रिका के संस्थापक गौरव पोरवाल, कवयित्री अनन्या रॉय पराशर, दीपाली मिश्रा, आशीष उपाध्याय और मिताली सिंह शामिल रहीं।

## आज से डॉक्युमेंट अपलोड प्रक्रिया शुरू

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ यूनिवर्सिटी में पीजी प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र 19 अक्टूबर से अनलॉक पोर्टल पर डाक्युमेंट अपलोड कर सकते हैं। प्रक्रिया 26 अक्टूबर तक चलेगी। अभ्यर्थियों को स्नातक फाइनल इयर की मार्कशीट, इंटरमीडिएट मार्कशीट अपलोड करनी होगी। ईडब्ल्यूएस कैटिगरी के छात्र सरकार द्वारा जारी प्रमाणपत्र, स्वयं घोषणा पत्र भी अपलोड करेंगे। वहीं, ओबीसी, एससी और एसटी मार्कशीट के अलावा कास्ट सर्टिफिकेट के साथ आय प्रमाणपत्र भी अपलोड करेंगे।

AMRIT VICHAR PAGE 3

## एलयू में ऑनलाइन काव्य प्रतियोगिता

**लखनऊ।** कविता एक ऐसी विधा है जिसमें कवि अपनी कविता के माध्यम से कठिन से कठिन विषय को सरलता से व्यक्त करता है और कठिन विषय को कम शब्दों में भी कहा जा सकता है। ये बात लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय विभाग के अध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह ने कही। विश्विद्यालय के नवीन परिसर में प्रो. सिंह विश्वविद्यालय सांस्कृतिक एवं खेल समिति द्वारा प्रथम राष्ट्रीय ऑनलाइन काव्य प्रतियोगिता में बोल रहे थे। इस प्रतियोगिता में कन्याकुमारी तक और गुजरात से लेकर असम तक के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया प्रथम दौर में दोनों ही वर्गों के लगभग 350 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें से अंतिम दौर के लिए सिर्फ 10 प्रतिभागियों को चुना गया। काव्य प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में उच्च न्यायालय लखनऊ खण्ड पीठ के वकील व कवि अमित हर्ष, तारे जमीन पर पत्रिका के संस्थापक गौरव पोरवाल, कवयित्री अनन्या रॉय पराशर, दिपाली मिश्रा, आशीष उपाध्याय व मिताली सिंह मौजूद रहे।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

## पीजी काउंसिलिंग के लिए आज से अपलोड होंगे दस्तावेज

**लखनऊ।** लविवि में पीजी काउंसिलिंग के लिए 19 अक्टूबर से छात्रों को दस्तावेज अपलोड करने होंगे। इसके लिए छात्रों को विवि प्रशासन की ओर से दस्तावेज अपलोड करने के दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। इसमें परास्नातक कार्यक्रमों में दाखिला के लिए प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए अभ्यर्थियों को अपनी अंकतालिका और अन्य संबंधित अभिलेखों को लविवि के unloc ऑनलाइन काउंसलिंग पोर्टल पर अपलोड करना होगा। अभिलेखों को अपलोड करने की प्रक्रिया 19 अक्टूबर की शाम पांच बजे से शुरू होगी और 26 अक्टूबर की मध्यरात्रि को समाप्त होगी। जिन अभ्यर्थियों ने तय कार्यक्रमों/विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन किया है, उन्हें भी अपनी अंकतालिका और अन्य संबंधित अभिलेखों को लविवि के unloc ऑनलाइन काउंसिलिंग पोर्टल पर अपलोड करना होगा। इन कार्यक्रमों में प्रवेश अर्हता परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जायेगा। साथ ही तय कार्यक्रमों/विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अपनी अंकतालिका और अन्य संबंधित अभिलेखों को अपलोड करने के बाद, अपनी पसंद का विकल्प देना होगा।

THE PIONEER PAGE 4

# 'Guru Dakshta' begins in online mode

PNS ■ LUCKNOW

The UGC HRDC, Lucknow University, under the directorship of Prof Dhruv Sen Singh (Geology), began its first-ever 'Guru Dakshta, Faculty Induction Programme' in online mode. Singh invited prominent alumnus of Geology department Rajesh Kumar Srivastava, who is the director (Exploration) of ONGC, to deliver online address on 'Energy scenario: Indian context and role of ONGC as national oil company'.

LU Vice-Chancellor AK Rai said that to augment the learning of participants, they invited one of the most illustrious alumni, Rajesh Kumar Srivastava.

He stressed on the contribution and role of alumni, the laurels and repute which they bring to the institutions.

Rai said LU is celebrating its centenary this year and year-long celebrations planned initially were curtailed to week-long events due to the pandemic. He revealed the plans of having an alumni meet in November with special focus on Foundation Day on November 25. Rajesh Kumar Srivastava gave insights into the structure, functions and role of ONGC in India's energy and economic scenario. He stressed on its major contribution as the largest oil and gas exploration and production company in the country, which produces around 70% of India's crude oil and around 84% of its natural gas. He explained the role of oil and gas in Indian context, due to the high population propelled demand, the impact of environmental change and post-Covid behaviour on the energy scenario after 2020.